Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding measures for welfare of people rendered jobless due to pandemic situation -laid.

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): इस कोरोना महामारी के दौरान सबसे ज़्यादा जिसने सफ़र किया है वो गरीब मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय लोग हैं, जो ज़्यादातर एस.सी., एस. टी. और ओ.बी.सी. वर्ग से आते हैं। इस महामारी ने बेरोज़गारों की एक लम्बी फ़ौज तैयार कर दी है। एक तरफ़ जहाँ लोगों की नौकरियाँ छूटी, वहीं रोज़ कमाने खाने वाले लोगों को भूखे मरने की नौबत आ गयी है। ऐसे समय में सरकार को इन लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए एवं इन लोगों के कल्याण हेतु जरूरी उपचारात्मक कदम उठाने चाहिए।